# हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 24.03.2025



त्योहारों के मद्देनजर रूट मार्च करते पुलिस एवं प्रशासन के अफसर।

## पुलिस और प्रशासन के अफसरों का रूट मार्च

**सतर्कता**

- एडीजी, कमिश्नर, आईजी, एसएसपी, सीडीओ रहे मौजूद
- शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के अफसरों ने रूट मार्च कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

रविवार शाम को एडीजी रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, सीडीओ जग प्रवेश और नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से सिविल लाइंस समेत शहर के कई हिस्सों में रूट मार्च किया। इस दौरान संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया गया तथा जनमानस से त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। रूट मार्च के दौरान नगर में संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के लाइसेंस, दस्तावेज एवं यातायात नियमों के अनुपालन की गहन जांच की गई।

**दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 24.03.2025**

# शांति व्यवस्था के लिए शहर में हुई पैदल गश्त

जासं, बरेली : त्योहारों के चलते पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पैदल गश्त की। राह चलते लोगों के साथ ही आटो-ई-रिक्शा चालकों से भी पूछताछ की।

रूट मार्च के दौरान अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया। इसके साथ ही लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर एडीजी जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आइजी रेंज डा. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य सीडीओ जग प्रवेश आदि मौजूद रहे।

# अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 24.03.2025

## ईद से पहले एडीजी-आईजी समेत अफसरों ने किया रूट मार्च

बरेली। नवरात्र व ईद से पहले जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर में संवेदनशील स्थानों पर रूट मार्च किया। अधिकारियों ने जनता व व्यापारियों से संवाद कर माहौल भांपा।

एडीजी जोन रमित शर्मा, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य आदि अधिकारियों ने रूट मार्च के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का जायजा लिया। जनमानस से त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान कई थानों की पुलिस साथ रही।

पुलिस ने नगर में संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के लाइसेंस, दस्तावेज एवं यातायात नियमों के अनुपालन की भी चेकिंग की। ब्यूरो

**अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 24.03.2025**

# संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडीजी, कमिश्नर, आईजी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था
- सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करने की अपील की



पैदल गश्त करते एडीजी, कमिश्नर, आईजी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार :** त्योहारों के मद्देनजर एडीजी रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार को शहर के संवेदनशील इलाकों में पैदल घूमकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

अधिकारियों ने मिश्रित आबादी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान वाहनों की भी चेकिंग की गई। बाइक सवारों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया गया।

आईजी ने कहा कि त्योहारों पर कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट न करे, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़े। यदि इस तरह की कोई भी व्यक्ति पोस्ट करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आसमां तक जनपद बरेली दिनॉक 24.03.2025

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अधिकारियो ने किया रूट मार्च



आसमां तक रिपोर्टर

## पुलिस टीम को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**बरेली।** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, आयुक्त बरेली मंडल, पुलिस महानिरीक्षक बरेली रेंज बरेली, एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बरेली नगर में विस्तृत रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

रूट मार्च के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया गया तथा जनमानस से त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गयी। रूट मार्च के दौरान नगर में संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के लाइसेंस, दस्तावेज एवं यातायात नियमों के अनुपालन की गहन जांच की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बरेली एवं अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 24.03.2025

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अधिकारियो ने किया रूट मार्च



युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

## पुलिस टीम को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**बरेली।** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, आयुक्त बरेली मंडल, पुलिस महानिरीक्षक बरेली रेंज बरेली, एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बरेली नगर में विस्तृत रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

रूट मार्च के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया गया तथा जनमानस से त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गयी। रूट मार्च के दौरान नगर में संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के लाइसेंस, दस्तावेज एवं यातायात नियमों के अनुपालन की गहन जांच की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बरेली एवं अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।